# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान), फोन नं:– 0151–2226902, 2226905,
Email Address :- bikanernagarnigam@gmail.com, Website :- www.bikanermc.org


क्रमांक / यंत्रालय / 2024–25 / 5843 – 47 दिनांक : 28-3-25

**ए.आर.सी ई–निविदा सूचना संख्या 05 / 2024–25 / यंत्रालय**

बीकानेर नगर निगम द्वारा ट्रेक्टर के साथ मड पम्प सप्लाई संचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु ए.आर.सी निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।निविदा से सम्बधित विवरण राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम, बीकानेर की वेबवाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | अमानत राशि (प्रतिशत में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीकानेर नगर निगम को ट्रेक्टर के साथ मड पम्प सप्लाई संचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु ए.आर.सी निविदा हेतु। | 40.00 | 2% | 1000/- | 500/- | 02 वर्ष |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की प्रारम्भ तिथि व समय | दिनांक 29.3.2025 को 09:30 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म भरने की अंतिम की तिथि व समय | दिनांक 15.4.2025 को 18:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | दिनांक 17.4.2025 को 15:00 बजे पश्चात् |

नोट :–

1. **ऑनलाईन EMD, Tender Fees, Processing Fee जमा करवानें का प्रोसेस :–**
   निविदादाता द्वारा निविदा की निर्धारित टेण्डर फीस, प्रोसेसिंग फीस एवं कार्य राशि की 2 प्रतिशत धरोहर राशि **(EMD)** का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर Pay **Online Tender** ऑप्शन द्वारा **Online Tender, RISL, EMD Fee Pay** पर होगा। निविदा का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् जारी हुई रसीद की प्रति को ऑनलाईन वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में संवेदक की निविदा नहीं खोली जावेगी।
2. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी एवं फीस भरी जा सकती है तथा राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
3. जीएसटी एवं अन्य सभी करों की जिम्मेदारी बोलीदाता / फर्म की होगी।
4. यदि किसी कारणवश तकनीकी निविदा या वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक को अवकाश रहता है तो तकनीकी निविदा उसके अगले कार्य दिवस में खोली जावेगी।
5. किसी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताए निरस्त करने का समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर
दिनांक : 28-3-25

क्रमांक / यंत्रालय / 2024–25 / 5843-47
**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय प्रशासक, नगर निगम बीकानेर।
2. उपायुक्त (पूर्व / पश्चिम), नगर निगम बीकानेर।
3. वित्तीय सलाहकार, नगर निगम बीकानेर।
4. नोटिस बोर्ड, नगर निगम बीकानेर।
5. ओसवाल डाटा प्रोसेसर, बीकानेर को ऑनलाईन वेबसाईट ई–प्रोक्योरमेन्ट एवं एसपीपीपी पोर्टल पर प्रकाशन हेतु।

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

(समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु)

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान), फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमाक / यंत्रालय / 2024–25 / 5848 दिनांक : 28-3-25

**ए.आर.सी ई–निविदा सूचना संख्या 05 / 2024–25 / यंत्रालय**

**बीकानेर नगर निगम को ट्रेक्टर के साथ मड पम्प सप्लाई संचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु ए.आर.सी निविदा कार्य की** अनुमानित लागत राशि रूपये **40.00 लाख** एवं कार्य अवधि **02 वर्ष** हेतु इच्छुक सम्भरणकर्ता जो कार्य करने / सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in,www.sppp.rajasthan.gov.inतथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.orgपर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.inपर अपलोड की जा सकती है।

1. **UBN Code :-**

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

क्रमाक / यंत्रालय / 2024–25 / 5848 दिनांक : 28-3-25

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् निदेशक, राजस्थान संवाद, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त निविदा का प्रकाशन RTPP के नियम 43(6) के अनुसार प्रकाशित करने का श्रम करावें एवं Intimationनगर निगम बीकानेर की ई–मेल आईडी nagarnigambikaner@gmail.comपर भिजवाने का श्रम करें।

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

## –: ई–टेण्डर हेतु निविदादाता के लिये निर्देश :–

- निविदा पूर्णतया ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा भरी जावेगी। इच्छुक निविदादाता को अपने डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।
- **निविदादाता द्वारा निविदा की निर्धारित टेण्डर फीस, प्रोसेसिंग फीस एवं कार्य राशि की 2 प्रतिशत धरोहर राशि (EMD) का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर Pay Online Tender ऑप्शन द्वारा Online Tender, RISL, EMD Fee Pay पर होगा। निविदा का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् जारी हुई रसीद की प्रति को ऑनलाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।**
- निर्धारित शुल्क एवं धरोहर राशि से कम भुगतान करने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा निविदा हेतु अयोग्य माना जावेगा।
- प्रोसेसिंग शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है :–

| नाम | MD RISL, Jaipur |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | निर्धारित शुल्क |
| 50 लाख तक | 500/– |
| 50 लाख से अधिक | 1000/– |

- निविदा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है :–

| नाम | आयुक्त, नगर निगम बीकानेर |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | निर्धारित शुल्क |
| 10 लाख तक | 500/– |
| 10 लाख से अधिक | 1000/– |

- इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को अपनी फर्म के नाम से डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को ऑनलाईन वेबसाईट पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिये डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत् प्राप्त करना होगा, जो ई–निविदा में डिजिटल रूप से साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सी.सी.ए. द्वारा स्वीकृत ऐजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास में पूर्व में वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
- निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र ईलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नहीं होंगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ई–निविदा प्रपत्रों को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवें कि निविदा प्रपत्रों से सम्बन्धित समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गई है।
- टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक समस्त कॉलम को समुचित रूप से भरकर ही ऑनलाईन दर्ज करें।
- यदि निविदादाता टेण्डर को ऑनलाईन जमा करवानें में किसी भी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
- किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
- राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, सामान्य वित्त एवं लेखा नियम तथा लोक निर्माण वित्त एवं लेखा नियम के नियम लागू होंगे।
- किसी प्रकार की टंकणीय त्रुटि होने की स्थिति में विभागीय ISOR/BSR में वर्णित दरें/विवरण मान्य होंगी।
- RPWA-100की समस्त शर्तें निविदादाता को मान्य होगी।

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

निविदादाता के सील मय हस्ताक्षर

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान), फोन नं:– 0151–2226902, 2226905,
Email Address :- bikanernagarnigam@gmail.com, Website :- www.bikanermc.org

कार्य का नाम :– बीकानेर नगर निगम को ट्रेक्टर के साथ मड पम्प सप्लाई, संचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु ए.आर.सी निविदा हेतु।

## 1. तकनीकी बिड (प्रथम भाग):–

निविदा में भाग लेने वाली फर्मो की तकनीकी जाँच अधोलिखित बिन्दुओं के आधार पर की जावेगी एवं निम्नलिखित बिन्दुओं की पूर्ति होने पर ही निविदा का द्वितीय भाग (वित्तीय बीड) खोली जायेगी। तकनीकी निविदा मूल्यांकन में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी :–

| क्र.सं. | दस्तावेज का विवरण | √ करें |
|---|---|---|
| 1. | **निविदादाता द्वारा निविदा की निर्धारित टेण्डर फीस, प्रोसेसिंग फीस एवं कार्य राशि की 2 प्रतिशत धरोहर राशि (EMD)का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर Pay Online Tender ऑप्शन द्वारा Online Tender, RISL, EMD Fee Payपर होगा। निविदा का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् जारी हुई रसीद की प्रति को ऑनलाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.inपर अपलोड करना अनिवार्य होगा।** | संलग्न है/नहीं |
| 2. | फर्म/ संवेदक का रिश्तेदार नगर निगम बीकानेर में कार्यरत नहीं होने का 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से प्रमाणित शपथ–पत्र। | संलग्न है/नहीं |
| 3. | किसी भी राजकीय विभाग में फर्म ब्लेक लिस्टेड नहीं होने 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से प्रमाणित शपथ–पत्र। | संलग्न है/नहीं |
| 4. | वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी) पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि | संलग्न है/नहीं |
| 5. | आयकर (पैन नम्बर) पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि | संलग्न है/नहीं |
| 6. | समस्त शर्तो को स्वीकार करने की सहमति स्वरूप निविदा प्रपत्र का प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता/फर्म की मोहर सहित हस्ताक्षर। | संलग्न है/नहीं |
| 7. | अनुबंध सम्पादन के दौरान संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्रों में संलग्न Annexure A, B, C, D, and SR-11 Form पर स्वंय प्रमाणित कर जमा करवाना होगा। | संलग्न है/नहीं |

क्रम संख्या 1 से 7 बिन्दुओं की पूर्ति होने पर ही निविदा का द्वितीय भाग (वित्तीय बीड) खोली जावेगी। संलग्न दस्तावेजों की प्रतियाँ स्केन करई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.inपर ऑनलाईन अपलोड कर दी गई हैं। निविदा की समस्त शर्तो के अनुरूप उक्त कार्य करने को सहमत हूँ।

**निविदादाता के सील मय हस्ताक्षर**

**निविदादाता फर्म का नाम :–**

**अधिकृत व्यक्ति का नाम जिससे सम्पर्क किया जा सके (प्राधिकृत निविदा हस्ताक्षरी) :–**

**पत्राचार का पता :–**

**मोवाईल नम्बर :–** **टेलीफोन व फैक्स नम्बर :–**

**वेवसाईट/ई–मेल (ई–मेल आवश्यक) :–**

2. वित्तीय बिड(द्वितीय भाग):-

तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। निविदादाता को निम्न प्रपत्र में ऑनलाईन दर प्रस्ताव देना होगा।

दर प्रस्ताव प्रपत्र

| क्र.सं. | कार्य का नाम (ट्रेक्टर माउन्टेड मड पम्प सप्लाई किराये पर POL सहित विभिन्न स्थानों पर संचालन का कार्य।) | संवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रति घंटा प्रति मड पम्प दर (सभी करों सहित) |
|---|---|---|
| 1. | क्षमता – 35 HP | |
| 2. | क्षमता – 45 HP | |
| 3. | क्षमता – 55 HP | |

नोट :- संवेदक की दर SUCTION पाईप सहित शामिल रहेगी तथा SUCTION क्षमता 20' से 30' तक होना आवश्यक है।

निविदादाता के सील मय हस्ताक्षर

3. निविदा की मुख्य शर्तेः—सफल निविदादाता को कार्य के दौरान निम्न शर्तों की पालना करनी होगी।

1. निविदा द्वि–स्तरीय बिड पद्धति के अनुसार आमंत्रित की गई है जिसमें प्रथम भाग तकनीकी बिड का होगा जिसमें तकनीकी निविदा के साथ मांगे गये सभी दस्तावेज एवं निविदा के लिये निर्धारित तकनीकी मापदण्डों से संबंधित प्रतियां ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। द्वितीय बिड वित्तीय बिड होगी। जिसमें दर ऑनलाइन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करनी होगी तकनीकी बिड में योग्य पाये जाने पर सफल निविदादाताओं की वित्तिय बिड खोली जायेगी, जिसके लिये अलग से वित्तिय बिड खोलने की सूचना प्रेषित कर दी जायेगी।
2. वास्तविक डीलरों (Bonafide dealers)द्वारा निविदाएं : निविदा से संबंधित कार्य का वास्तविक सक्षम बोलीदाता द्वारा ही निविदाएं ही प्रस्तुत की जायेगी। अतः वे एस.आर. प्रारूप 11 में एक घोषणा प्रस्तुत करेंगे।
3. 1. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना क्रेता अधिकारी को लिखित में ठेकेदार द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जाएगा।
   2. संविदा के सम्बन्ध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/भागीदारों के ठेकेदार द्वारा फर्म में तव तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए बाध्य नहीं हो जाते एवं क्रेता अधिकारी को इस सम्बन्ध में लिखित इकरार नामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकर की गयी किसी भागीदार की रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा वह संविदा के किसी प्रयोजन के लिए पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।
4. फर्म के एक से अधिक साझेदार/सदस्य होने पर समस्त साझेदार/सदस्य द्वारा निविदा दस्तावेज मय समस्त आवश्यक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएगे तथा किसी एक सदस्य द्वारा निविदा एवं अनुबंध प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के दी गयी पॉवर ऑफ एटॉर्नी की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी तथा निविदा प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकार पत्र सभी साझेदार पर हस्ताक्षर किया हुआ होना चाहिए अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. जोईन्ट वेन्चर फर्म मान्य नहीं होगी।
6. वस्तु एवं सेवा कर (GST) पंजीयन एवं शोधन प्रमाण पत्र (Clearance Certificate) प्रस्तुत किया जाएगा।
7. यदि निविदादाता ऐसी शर्तें आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में हैं तो उसकी निविदा के रद्द कर दिया जाएगा। किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझाा जावेगा जब तक कि क्रेता अधिकारी द्वारा जारी किये गए निविदा स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो। सशर्त निविदा स्वीकार/मान्य नहीं होगी।
8. निविदा दस्तावेज में वर्णित शर्तों/प्रावधानों एवं प्रक्रिया के अनुसार ही निविदा दस्तावेज प्रस्तुत/अंपलोड करने हैं अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
9. समस्त इच्छुक बोलीदाता को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन निविदा दस्तावेज में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाईन राशि जमा करवाना/निविदा दस्तावेज अपलोड करना आदि कार्य शीघ्र/समय पर सम्पादित किये जावें। देरी होने/इंटरनेट नहीं चलने/सम्बन्धित वेबसाइट कार्यशील/स्लो नेट आदि होने का इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी। निर्धारित प्रक्रिया के अतिरिक्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
10. धरोहर राशि (EMD):—उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2 प्रतिशत होगी।
11. धरोहर राशि का प्रतिदाय (Refund of Earnest Money):— असफल बोली लगाने वालों की धरोहर राशि का प्रतिदाय सफल बोलीदाता के साथ अनुबंध निष्पादन करने तथा कोई बकाया/वसूली शेष नहीं होने पर शीघ्र लोटा दी जावेगी।
12. बोली लगाने वाले से ली गई धरोहर राशि यदि दो या दो से अधिक निविदादाताओं ने सामान दरें प्रस्तुत की है तो इन सभी निविदादाताओं को नेगोशियेशन के लिए आमंत्रित किया जायेगा तथा नेगोशियेशन में भाग लेने वाले अन्य सभी निविदादाताओं की सहमति से न्यूनतम दर दाता को ही सफल निविदादाता माना जावेगा।
13. यदि सफल निविदादाता निर्धारित समयावधि में अनुबन्ध पत्र एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (बैंक गारन्टी) जमा नहीं कराता है तो बीकानेर नगर निगम इस निविदादाता की निविदा को निरस्त कर एवं अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी।
14. किसी भी तरह की कम आपूर्ति, आपूर्ति में विलम्ब, क्षति, अस्वीकृत आपूर्ति की वसूली संवेदक से ही की जावेगी।
15. उपरोक्त शर्तों में किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर अनुबंध की अवहेलना से दोषी पाए जाने पर निविदा निरस्त कर जमा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि एवं जमा बकाया भुगतान जब्त किया जावेगा। बकाया कार्य संवेदक की रिस्क एण्ड कॉस्ट पर करवाया जावेगा, बकाया की वसूली संवेदक के बिलों एवं बकाया राशि में से की जावेगी।
16. निविदा द्विस्तरीय विड पद्धति के अनुसार आमंत्रित की गई है, जिसमें निविदा के साथ मांगे गए समस्त दस्तावेज एवं निविदा के लिए निर्धारित मापदण्डों से सम्बन्धित सभी दस्तावेजों की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी। निविदा के लिए निर्धारित मापदण्डों से सम्बन्धित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत नहीं करने पर उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा को निरस्त करते हुए निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत की गई दर पर भी कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदा का प्रथम भाग तकनीकी विड व द्वितीय भाग वित्तीय बिड होगा। तकनीकी निविदा में सफल फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
17. निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क अवापसीय रहेगी।
18. प्रदत्त दरें निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवस तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य रहेगी।
19. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदादाता को कार्य की प्रकृति, कार्य स्थल, निविदा दस्तावेज, समस्त नियम, शर्तों एवं दिशा–निर्देशों आदि का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेने के पश्चात् ही निविदा भरने एवं वित्तीय प्रस्ताव में अपनी दरें प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त व्यय निविदादाता द्वारा ही वहन करने होंगे।

S.E

20. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदादाता को कार्य की प्रकृति, कार्य स्थल, निविदा दस्तावेज, समस्त नियम, शर्तों एवं दिशा–निर्देशों आदि के विवरण अथवा जानकारी हेतु निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व नगर निगम बीकानेर के भण्ड़ार / यंत्रालय अनुभाग में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

21. धरोहर निक्षेप का समपहरण (Forfieture) :– प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित प्रकरणों में पूर्णतः या अंशतः समपहरण किया जा सकेगा :–
   1. जब निविदा के किसी निबन्धन और शर्तों को भंग किया जाता है।
   2. जब निविदादाता संतोषप्रद रूप से सेवा प्रदाय करने में विफल रहता है।
   3. जब निविदादाता कार्यालय आदेश जारी होने के पश्चात् दी गई समयावधि में अनुबंध–पत्र प्रस्तुत नहीं करता है।
   4. जब निविदादाता कार्यादेश में अंकित समयावधि के अनुसार कार्य का संचालन प्रारम्भ नहीं करता है।
   5. प्रतिभूति निक्षेप के समपहरण के मामले में उपयुक्त समय का नोटिस दिया जाएगा, इस सम्बन्ध में क्रय अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील**

22. निम्नलिखित स्थितियों में प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी :–
   1. यदि निविदादाता निविदा खोलने के बाद से निविदा स्वीकार करने तक निविदा वापस ले लेता है या शर्तों में किसी तरह का संशोधन करता है।
   2. जब निविदादाता कार्यालय आदेश जारी होने के पश्चात् दी गई समयावधि में अनुबंध पत्र प्रस्तुत नहीं करता है।
   3. जब प्रदाय आदेश दिए जाने के पश्चात् निविदादाता कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं करवाता है।
   4. यदि निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों में दी गई शर्तों का उल्लंघन करता है।

23. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को निम्न स्थितियों में निरस्त माना जावेगा, यदि :–
   1. निविदा दस्तावेज के प्रावधान के अनुसार योग्यता नहीं रखता हो।
   2. निविदा के साथ धरोहर राशि जमा नहीं की गई हो।
   3. जान–बूझकर तथ्यों को छिपाया गया अथवा गलत पेश किया गया हो।

24. समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदादाता द्वारा समयावधि के पश्चात् निविदा प्रस्तुत करने के लिए बीकानेर नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा। निविदा दस्तावेज / शुद्धिपत्र / संशोधन SPPP पोर्टल या वेबसाईट से डाउनलोड नहीं होने पर नगर निगम उत्तरदायी नहीं है।
25. नगर निगम निविदा स्वीकार करने, अस्वीकार करने, आंशिक स्वीकार करने, निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
26. निविदा में एक फर्म एक ही नाम से भाग ले सकेगी। एक से अधिक नामों के लिए निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
27. संवेदक की दर पर नगर निगम संवेदक से दरों पर विश्लेषण मांग सकता है।
28. सफल निविदादाता द्वारा कार्य अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने एवं किसी भी तरह का निगम में बकाया नहीं होने के पश्चात् धरोहर राशि बिना ब्याज के लौटाई जावेगी।
29. निविदा पर अंतिम निर्णय होने, कार्यादेश जारी करने एवं अनुबंध सम्पादित होने के बाद ही सफल निविदादाता के अतिरिक्त अन्य सभी निविदादाताओं की प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के लौटा दी जावेगी।
30. न्यूनत्तम निविदा स्वीकार करने हेतु निगम बाध्य नहीं है, आदेश देने से पहले तक नगर निगम सभी निविदाओं को निरस्त कर सकता है।
31. नगर निगम निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख तक प्रशासनिक, तकनीकी या किसी भी कारण से निविदा में संशोधन कर सकती है जो कि राज्य सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड किया जावेगा।
32. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन निविदा प्रपत्र का भाग माना जावेगा।
33. कार्य नहीं करने अथवा अधूरा छोड़ने पर प्रतिभूति राशि जब्त कर सम्बन्धित फर्म को निगम से 03 वर्षों तक ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।
34. समस्त करों व कानूनी दायित्वों की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
35. RTPP एक्ट एंव नियम 2013 लागू होगा।
36. मड पम्प की क्षमता 35, 45, एवं 55 HP होनी चाहिए एवं पम्प ट्रेक्टर पर लगे हुए होने चाहिए। मड पम्प का Head 10 से 15 मी. होना चाहिए एंव SUCTION DISCHARGE हैड 4 " से 6 " तक का होना चाहिये।
37. आवश्यकता अनुसार मड पम्प की सप्लाई का कार्यादेश जारी किया जायेगा। कार्यादेश जारी होने के 24 घंटे के अन्दर पम्प को मौके पर लगाकर शुरु करना होगा ।

S.E.

38. अनुभव प्रमाण पत्र राशि 40.00/– लाख तक का संतोषजनक कार्य करने का होना चाहिए।
39. संसाधन निविदादाता के स्वयं के होने आवश्यक है।
40. संवेदक को आवश्यकता पड़ने पर एक साथ अधिकतम चार पम्पो की सप्लाई भी करनी पड़ सकती है।
41. साईट की आवश्यकता अनुसार Suction पाईप की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी एवं Delivery पाईप की 1200 फुट/प्रति पम्प तक की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी तथा 1200 फुट से ज्यादा दुरी होने पर नगर निगम द्वारा पाईप उपलब्ध करवाया जायेगा।
42. फर्म को 24 घटें कार्य करना पड सकता है एवं लॉगबुक के आधार पर रनिंग घंटो का ही भुगतान किया जायेगा।
43. मौके पर पम्प का लगा हुआ होने पर स्वास्थ्य अधिकारी/SI या पम्प प्रभारी द्वारा फोन पर सूचना मिलने के 01 से 02 घंटे में सवेंदक को कार्य शुरू करना होगा।
44. प्रत्येक पम्प की अलग–अलग लॉगबुक रखनी होगी, जिसे संम्बधित SI या पम्प प्रभारी द्वारा प्रमाणित करना होगा।
45. वाहन, मशीन, टूल, पाईप, डीजल, वाहन चालक, ऑपरेटर आदि की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील**

46. मौके पर किसी प्रकार की दुर्घटना होने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी। नगर निगम की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही होगी।
47. समस्त प्रकार का रख–रखव, डीजल व्यय की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
48. संवेदक द्वारा पम्प की 4x 6 के फोटो दिनांक के साथ संग्लन करनी होगी। जिसे सम्बधित SI या पम्प प्रभारी द्वारा प्रमाणित करवाना होगा।
49. सवेदक को दर सभी करो सहित भरनी होगी।
50. Running Mode में पम्प खराबहोने पर पर 01 घंटे में सही या 01 घंटे में बदलना होगा। 01 घंटे से अधिक समय लगने पर 500 /–प्रति घटें के अनुसार जुर्माना राशि वसूली जायेगा।
51. किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र बीकानेर होगा।
52. RTPP एक्ट एंव नियम 2013 लागू होगा।
53. इस निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का एकाधिकार नगर निगम बीकानेर में निहित है जिसका कारण बताने को नगर निगम बीकानेर बाध्य नहीं है।
54. सफल निविदादाता से कार्यादेश जारी करने से पूर्व निविदा की राशि का 5 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति (धरोहर राशि) जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा कार्य सम्पादन प्रतिभूति एवं अनुबंध सम्पादित करने पर ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
55. निविदादाता को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम एवं श्रम अधिनियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
56. ईपीएफ एवं ईएसआई जमा करवाने की समस्त जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।
57. अनुबंध की समयावधि 02 वर्ष होगी। आवश्यकतानुसार 06 माह बढ़ायी जा सकती है।
58. निविदादाता द्वारा किसी भी निविदा शर्तो/अनुबंध की अवहेलना करने पर निगम द्वारा ठेका निरस्त कर जमा धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
59. अनुबंध सम्पादन के दौरान संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्रों में संलग्न Annexure A, B, C, D, and SR-11 Form पर स्वंय प्रमाणित कर जमा करवाना होगा।

**निविदादाता के सील मय हस्ताक्षर**

| यंत्रालय अधीक्षक<br>बीकानेर नगर निगम | स्वास्थ्य अधिकारी<br>बीकानेर नगर निगम | सह. लेखाधिकारी<br>बीकानेर नगर निगम | उपायुक्त<br>बीकानेर नगर निगम |
|---|---|---|---|

प्रभारी
मोटर गैराज
नगर निगम, बीकानेर

20/3/25
S.E.

वित्तीय सलाहकार
नगर निगम बीकानेर